रविवार
नालन्दा, 26.01.2025
नालन्दा नं0-1 अखबार
पेज-01 वर्ष:1, अंक:1

76वां गणतंत्र दिवस

अपना शहर अपना खबर

# अपना नालन्दा




## बिहारशरीफ में गणतंत्र दिवस की तैयारियां पूरी, विभिन्न स्थानों पर होगा झंडोत्तोलन समारोह




**संजय कुमार**

बिहारशरीफ। जिला प्रशासन ने आगामी गणतंत्र दिवस के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मुख्य समारोह शहर के सोगरा हाईस्कूल मैदान पर आयोजित किया जाएगा, जहां जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ध्वजारोहण करेंगे। इसके बाद वह जिलेवासियों को संदेश देंगे। समारोह को और आकर्षक बनाने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी। कुल 16 विभाग इस अवसर पर अपनी झांकियां प्रदर्शित करेंगे। मुख्य कार्यक्रम के बाद, समाहरणालय में भी जिलाधिकारी द्वारा झंडोत्तोलन होगा, वहीं पुलिस लाइन में एसपी झंडोत्तोलन करेंगे। इसके अतिरिक्त, अधिकारियों द्वारा करगिल पार्क में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी और माल्यार्पण किया जाएगा।झंडोत्तोलन के निर्धारित समय मुख्य समारोह स्थल (सोगरा हाईस्कूल मैदान): 9:00 बजे समाहरणालय: 9:45 बजे जिला परिषद: 10:00 बजे जिला ग्रामीण विकास अभिकरण: 10:10 बजे अनुमंडल कार्यालय: 10:15 बजे, गृह रक्षा वाहिनी कार्यालय: 10:25 बजे, नगर निगम परिसर: 10:40 बजे, बिहारशरीफ थाना: 10:50 बजे करगिल पार्क (श्रद्धांजलि व माल्यार्पण): 10:10 बजे पुलिस लाइन: 11:25 बजे, यह समारोह जिलेभर में धूमधाम से मनाया जाएगा, और इसके माध्यम से जिलेवासियों को राष्ट्रीय पर्व का महत्त्व और शहीदों की शहादत को याद किया जाएगा।

## गणतंत्र दिवस पर बिहारशरीफ में यातायात नियंत्रण प्लान जारी

**संजय कुमार**

बिहारशरीफ। आगामी गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी 2025 को बिहारशरीफ शहर में यातायात संचालन, प्रबंधन एवं नियंत्रण के लिए विशेष यातायात प्लान तैयार किया गया है। यह प्लान गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान शहर में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। इसके तहत सुगम यातायात संचालन सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रतिबंध और वैकल्पिक मार्ग तय किए गए हैं। वाहन संचालन प्रतिबंधित (NoParking) 1.बड़े व्यवसायिक वाहन: ट्रक, ट्रैक्टर, पिकअप आदि बड़े वाहनों का प्रवेश और परिचालन 26 जनवरी 2025 को सुबह से रात 12 बजे तक पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। 2. सुभाष पार्क और बड़ी पहाड़ी क्षेत्र: 26 जनवरी 2025 को दोपहर 12 बजे से रात 12 बजे तक हॉस्पीटल चौराहा से मामू भगिना और मामू भगिना से हॉस्पीटल चौराहा तक सभी प्रकार के वाहनों का परिचालन प्रतिबंधित रहेगा। इन क्षेत्रों में आमजन को केवल पैदल आने–जाने की अनुमति होगी। 3. समाहरणालय क्षेत्र: सुबह से दोपहर 2 बजे तक समाहरणालय नालंदा (बिहारशरीफ) की ओर सभी प्रकार के सवारी और व्यवसायिक वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। हालांकि झांकी में शामिल होने वाले वाहनों को अनुमति दी जाएगी। वैकल्पिक मार्ग (Alternative Route) 1. छोटे सवारी वाहन: मामू भगिना से मूगलकुँआ (सिंगारहाट) तक का मार्ग वन–वे रहेगा। 2. हॉस्पीटल चौराहा से बाहर जाने वाले वाहन:यह वाहन एतवारी बाजार सोहसराय से 17 नंबर एनएच की ओर डायवर्ट किए जाएंगे। 3. सोहसराय से समाहरणालय जाने वाले वाहन: ओटो और टोटो जैसे वाहन गोगल कुँआ ,सिंगारहाट से होकर रहुई मोड़ और अम्बेर की ओर जाएंगे। ड्रॉप गेट्स (Drop Gate) 1. मामू भगिना पहाड़ तल्ली, 2. नालंदा हेल्थ क्लब, एतवारी बाजार 3. ब्लॉक मोड़ के पास, पार्किंग स्थल, 1. श्रम–कल्याण मैदान, 2. नालंदा कॉलेजिएट मैदान इस प्लान का उद्देश्य गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखना है। आमजन से सहयोग की अपील की गई है।




## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर नालंदा डीआरसीसी में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित



**संजय कुमार**

बिहारशरीफ। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर नालंदा के डीआरसीसी परिसर में एक संक्षिप्त शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर डीआरसीसी प्रबंधक कुमारी कल्पना प्रसाद ने सभी सहायक प्रबंधक, एसडब्लूओ और एमपीए को मताधिकार के महत्व के प्रति जागरूक करते हुए शपथ दिलाई। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रबंधक कुमारी कल्पना प्रसाद ने उपस्थित लोगों को मतदान के महत्व पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 25 जनवरी 1950 को भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना हुई थी। वर्ष 2011 से इस दिन को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। उन्होंने कहा कि मतदाता भारत के भाग्य विधाता होते हैं और अपने मताधिकार का प्रयोग करते समय सही प्रतिनिधि का चयन करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि लोकतंत्र की असली शक्ति जनता का मत है, इसलिए सभी को अपने अधिकार के प्रति जागरूक रहना चाहिए और हर चुनाव में अपने मत का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने मतदान के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली।


प्रत्याशी शशीकान्त कौशल

## जनसम्पर्क अभियान के तहत किसानों व मतदाताओं से मिल रहे हैं तुलसीगढ़ पैक्स अध्यक्ष पद के प्रत्याशी शशीकान्त कौशल

चितरंजन कुमार

चंडी (नालंदा)। प्रखंड में 29 जनवरी को होने वाले पैक्स चुनाव को लेकर प्रत्याशियों ने पूरी ताकत लगा दी है। सभी उम्मीदवार प्रचार–प्रसार में जुटे हुए हैं और मतदाताओं के बीच जाकर अपने पक्ष में वोट देने की अपील कर रहे हैं। इसी कड़ी में तुलसीगढ़ पंचायत के पैक्स अध्यक्ष पद के प्रत्याशी मुबारकपुर गाँव निवासी शशीकान्त कौशल भी सक्रिय नजर आए। प्रत्याशी शशीकान्त कौशल ने जनसंपर्क अभियान चलाते हुए मतदाताओं के बीच पहुंचकर उनसे अपने पक्ष में समर्थन मांगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यदि उन्हें मौका मिलता है, तो वह किसानों के हित में कार्य करेंगे। शशीकान्त कौशल ने कहा कि पैक्स के माध्यम से ग्रामीण किसानों को समय पर खाद, बीज और अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता होगी। चुनाव को लेकर क्षेत्र में जबरदस्त उत्साह और गतिविधियां देखने को मिल रही हैं। प्रत्याशी लगातार अपनी योजनाओं और वादों के जरिए मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर छोटे–बड़े जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।





# केरल में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षणः नालंदा के एडीएम शफीक समेत तीन अधिकारी होंगे शामिल



**संजय कुमार**

बिहारशरीफ। आपदा से प्रभावी तरीके से निपटने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण का आयोजन 29 जनवरी से 1 फरवरी तक केरल के एर्नाकुलम में किया जाएगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसमें सूबे के तीन अधिकारी भाग लेंगे। इसमें नालंदा के आपदा प्रबंधन एडीएम शफीक, बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग के संयुक्त सचिव नदीमुल गफ्फार सिद्दीकी, और पूर्वी चंपारण के आपदा एडीएम राजेश्वरी पांडेय शामिल हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी मसूरी के सेंटर फोर डिसास्टर मैनेजमेंट द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जो राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से होगा। इस चार दिवसीय प्रशिक्षण का उद्देश्य आपदा प्रबंधन के जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन के महत्वपूर्ण पहलुओं को समझना और उन्हें व्यवहारिक रूप से लागू करना है। अधिकारियों को इससे संबंधित बारीकियों और सर्वोत्तम प्रथाओं पर प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे आपदा के समय प्रभावी प्रतिक्रिया संभव हो सके।

# राजगीर में बनेगा अत्याधुनिक अंतर्राज्यीय बस अड्डाः पर्यटन को मिलेगा नया आयाम

**सुभाष रजक**

बिहारशरीफ। पर्यटक नगरी राजगीर में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस एक अंतर्राज्यीय बस अड्डा का निर्माण किया जाएगा। जिला प्रशासन ने इसके लिए 30 एकड़ भूमि चिह्नित की है। सहायक समाहर्ता सह अंचलाधिकारी तुषार कुमार ने बताया कि यह बस अड्डा आयुध निर्माणी बायपास रोड पर प्रस्तावित अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय के सामने बनाया जाएगा। यात्रियों के लिए आधुनिक सुविधाएं इस नए बस अड्डे में यात्रियों की सुविधा के लिए डीलक्स शौचालय, पीने के पानी, वातानुकूलित विश्राम गृह और बेहतर लाइटिंग की व्यवस्था होगी। बस अड्डे पर रात्रि विश्राम के लिए गेस्ट हाउस भी बनाया जाएगा। वहीं, बाइक, टैक्सी, ऑटो और कार के लिए अलग पार्किंग क्षेत्र विकसित किया जाएगा। जाम से मिलेगी निजात सहायक समाहर्ता तुषार कुमार ने कहा कि वर्तमान में राजगीर का बस अड्डा पटेल चौक के पास स्थित है, जिससे शहर के भीतर ही बड़ी गाड़ियों का आवागमन होता है और जाम की समस्या बनी रहती है। नए बस अड्डे के निर्माण के बाद शहर में बड़े वाहनों का प्रवेश कम होगा और जाम की समस्या से निजात मिलेगी। पर्यटन और परिवहन को मिलेगा प्रोत्साहन नए बस अड्डे का निर्माण राष्ट्रीय राजमार्ग 82 (राजगीर–बिहारशरीफ), राष्ट्रीय राजमार्ग 20 (पटना–रांची) और राज्य राजमार्ग 71 को सुगमता से जोड़ेगा। यह परियोजना न केवल स्थानीय लोगों के लिए बल्कि पर्यटकों के लिए भी अत्यधिक लाभकारी होगी। अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं राजगीर के इस बस अड्डे को अंतर्राज्यीय स्तर का बनाया जाएगा, लेकिन सुविधाएं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की होंगी। बस अड्डे पर ठंडे और गर्म पेयजल के साथ आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जाएगा। परियोजना की प्राथमिकता यह परियोजना राजगीर की वैश्विक पहचान को और मजबूत करेगी। राज्य सरकार, जिला प्रशासन और संबंधित विभाग इसे शीघ्र शुरू करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। इस बस अड्डे का उद्देश्य यात्रियों की सुविधा बढ़ाना और राजगीर को एक उन्नत परिवहन केंद्र के रूप में विकसित करना है। राजगीर के लोगों और पर्यटकों के लिए यह एक बड़ी खुशखबरी है। नए साल में यह परियोजना क्षेत्र के विकास को एक नई दिशा देगी।

# राजगीर और नालंदा में डाक सेवाओं के नए आयामः उप डाकघरों और हॉलिडे होम का उद्घाटन

**संवाददाता**




राजगीर(नालंदा)।प्राचीन और ऐतिहासिक नगरी राजगीर में शनिवार को बिहार के चीफ पोस्टमास्टर जनरल, अनिल कुमार, ने राजगीर उप डाकघर को नए भवन में स्थानांतरित कर विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह उप डाकघर ग्राहकों को सभी आधुनिक सुविधाएं एक ही छत के नीचे प्रदान करेगा। इनमें बचत बैंक, आधार सेवाएं, कॉमन सर्विस सेंटर, डाक जीवन बीमा, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक और डाक निर्यात केंद्र शामिल हैं। इसके अलावा, नालंदा उप डाकघर में नालंदा हॉलिडे होम का उद्घाटन किया गया। यह हॉलिडे होम अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है, जिसमें विशाल और हवादार कमरे, आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित रसोईघर, सुव्यवस्थित बाथरूम और प्राकृतिक रोशनी व वेंटिलेशन का विशेष ध्यान रखा गया है। यह हॉलिडे होम गणमान्य व्यक्तियों के लिए आरामदायक और पर्यावरण के अनुकूल प्रवास का अवसर प्रदान करेगा। इसी अवसर पर नालंदा डाक वाटिका का भी उद्घाटन किया गया और पौधारोपण किया गया।

# भाजपा नालंदा जिला कार्यालय में संगठनात्मक बैठक आयोजित, मंडल अध्यक्षों को किया गया सम्मानित



**सुभाष रजक**

बिहारशरीफ। भारतीय जनता पार्टी के नालंदा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष ई. रविशंकर प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आज शनिवार को एक संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय प्रभारी जितेन्द्र नीरज उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नव नियुक्त मंडल अध्यक्षों को सम्मानित किया गया और उनके सफल कार्यकाल हेतु दिशा–निर्देश दिए गए। जिलाध्यक्ष ई. रविशंकर प्रसाद सिंह ने भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी और देश की एकमात्र राष्ट्रवादी राजनीतिक पार्टी बताते हुए कहा कि पार्टी में कर्मठ कार्यकर्ताओं को सम्मान दिया जाता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए आगामी कार्यक्रमों की जानकारी भी साझा की। इस अवसर पर जिला महामंत्री अविनाश प्रसाद सिंह, रीना कुमारी, उपाध्यक्ष श्याम किशोर प्रसाद सिंह, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रज्ञा भारती सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण व्यक्त किया।






# इस्लामपुर में नालंदा सिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन, ग्रामीण क्षेत्रों को मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं



**मोहम्मद जियाउद्दीन**

इस्लामपुर (नालंदा)। बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, सांसद कौशलेंद्र कुमार और विधान परिषद सदस्य रीना यादव ने शनिवार को इस्लामपुर में नालंदा सिटी हॉस्पिटल का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इस अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि इस हॉस्पिटल के खुलने से क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों, वृद्धों और महिलाओं को फायदा होने की बात कही। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अरुण कुमार की देखरेख में हड्डी रोगियों को अब इलाज के लिए पटना जाने की आवश्यकता नहीं होगी। विधान परिषद सदस्य रीना यादव ने इसे समय और संसाधनों की बचत बताते हुए बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण कदम कहा। इस अवसर पर पूर्व विधायक चंद्रसेन प्रसाद, जदयू नेता रुहैल रंजन, जिला जदयू उपाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सिंह, डॉ. अरुण कुमार, आयोजक मृत्युंजय कुमार, और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसके बाद मंत्री श्रवण कुमार, सांसद कौशलेंद्र कुमार और रीना यादव ने भाजपा मंडल अध्यक्ष उजाला सोनी के दिवंगत मां बच्ची देवी के निधन पर शोक व्यक्त किया और परिवार को सांत्वना दी।

मौके पर सुरेश प्रसाद सर्राफ, पत्रकार रामबाबू सर्राफ और अन्य लोग मौजूद थे।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर छात्राओं को दिलाई गई मतदान की शपथ

**संवाददाता**



थरथरी(नालंदा) ।राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर प्रखंड के हाई स्कूल अस्ता, पमारा, भतहर, थरथरी और अन्य विद्यालयों में मतदाता जागरूकता शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) गौरी कुमारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) पुष्पा कुमारी और अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी गौरी कुमारी ने इस अवसर पर कहा कि हर अधिकार के साथ कर्तव्य भी जुड़ा होता है।

उन्होंने सभी से मतदान के प्रति जागरूक रहने और देशहित में अपने अमूल्य मत का प्रयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मतदान केवल एक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह हमारे विचारों, आशाओं और सपनों की अभिव्यक्ति है। प्रत्येक योग्य नागरिक का मतदाता सूची में पंजीकरण सुनिश्चित करना और अपने मतदान अधिकार का प्रयोग करना अत्यंत आवश्यक है। इस कार्यक्रम में वीआरपी प्रमोद मिश्रा, सुनील कुमार, रामाशीष पासवान, करूणाकर मिश्रा, रेखा कुमारी सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# बदलो बिहार जनसमागम अभियानः भाकपा माले की बिहार बदलाव की पहल

संवाददाता

थरथरी(नालंदा) ।भाकपा माले पार्टी की ओर से ष्बदलो बिहार जनसमागमष अभियान के तहत दो फरवरी को बिहारशरीफ के टाउन हॉल में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर कार्यकर्ताओं में जोश और तैयारी का माहौल है। जिला किसान महासभा के अध्यक्ष मुनीलाल यादव ने कहा कि बिहार इस समय बदलाव के मोड़ पर खड़ा है। गणतंत्र दिवस की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर हमें संविधान की रक्षा और बाबा साहब के सपनों का भारत बनाने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि संसद में गृह मंत्री द्वारा बाबा साहब का अपमान किया गया है, जिससे देशभर में तीव्र विरोध हो रहा है। साथ ही, उन्होंने बिहार सरकार पर हमला करते हुए कहा कि पिछले दो दशकों के शासन में भाजपा और जदयू गरीबों, छात्रों, किसानों, दलितों और मुसलमानों के हितों की रक्षा करने में पूरी तरह विफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार गरीबों को बेहतर मजदूरी, छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और रोजगार, भूमिहीनों को घर, किसानों को उचित मूल्य और ठेका मजदूरों को सम्मानजनक वेतन देने में नाकाम रही है ।पटना में छात्रों पर हुए दमन और आंदोलनरत समूहों पर हो रही कठोर कार्रवाई का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि विरोध के हर माध्यम को दबाया जा रहा है। मुख्यमंत्री की यात्राओं के दौरान नेताओं को नजरबंद करना और आपातकाल जैसा माहौल बनाना लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन है। शराबबंदी योजना को विफल बताते हुए उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों से जनता में आक्रोश है। भाजपा इस स्थिति का लाभ उठाकर सांप्रदायिक ध्रुवीकरण और नफरत फैलाने की कोशिश कर रही है। न्याय यात्रा के दौरान जनता का व्यापक समर्थन मिलने का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार में बदलाव की प्रबल संभावनाएं हैं। मुनीलाल यादव ने कहा कि नालंदा जिले में सिंचाई की गंभीर समस्याएं हैं। मुहाने नदी का उदेर स्थान बंद होने से हिलसा के पश्चिमी इलाके में बाढ़ की समस्या और सूखा जैसी स्थिति बनी रहती है। इसके चलते जलस्तर नीचे जा रहा है और पीने के पानी का संकट उत्पन्न हो रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी और मुख्यमंत्री से जल्द से जल्द मुहाने



नदी का मुंह खोलने की मांग की। इस मौके पर पूर्व मुखिया बखोरी प्रसाद, शिवनंदन बिंद, बखोरी बिंद, सुगन बिंद, रामप्रवेश रविदास, संजय कुमार, श्रवण विनोद, दशरथ विनोद, पुनित बिंद, सीताराम बिंद, राजकुमार रविदास सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।







# करायपरसुराय पुलिस की छापेमारीः हथियार और देसी शराब बनाने का अड्डा ध्वस्त, दो गिरफ्तार



**संवाददाता**

(नालंदा)। करायपरसुराय थाना पुलिस ने अगारपर गांव के पश्चिम खंधा के अलंग पर अवैध रूप से हथियार और देसी शराब बनाने के अड्डे पर छापेमारी की। इस दौरान एक देसी कट्टा, एक जीवित कारतूस, 20 लीटर चुलाई देसी शराब और हथियार बनाने के उपकरण बरामद किए गए। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। डीएसपी ने दी जानकारी हिलसा डीएसपी सुजीत कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि अगारपर गांव निवासी भागो बिंद का पुत्र पप्पू बिंद और स्वर्गीय सीता पासवान का पुत्र भोनु पासवान अवैध रूप से हथियार और देसी शराब बनाने का काम कर रहे हैं। करायपरसुराय थानाध्यक्ष अमित कुमार ने वरीय अधिकारियों को सूचित कर एक टीम का गठन किया। छापेमारी के दौरान बरामदगी शुक्रवार दोपहर गठित टीम ने अड्डे की घेराबंदी कर पप्पू बिंद और भोनु पासवान को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान 20 लीटर चुलाई देसी शराब, एक देसी कट्टा, एक जीवित कारतूस, एक खोखा और हथियार बनाने के उपकरण बरामद हुए। आरोपियों का आपराधिक इतिहास डीएसपी ने बताया कि पप्पू बिंद का आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ करायपरसुराय थाना में शस्त्र अधिनियम और अन्य धाराओं के तहत दो मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। टीम में शामिल अधिकारी छापेमारी टीम में करायपरसुराय थानाध्यक्ष अमित कुमार, अवर निरीक्षक विकास कुमार, सहायक अवर निरीक्षक संतोष कुमार और अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

# बेन : ग्रामीण पशुपालकों के लिए वरदान बना निःशुल्क पशु चिकित्सा जागरूकता शिविर

**सुधीर कुमार**

बेन (नालंदा)।नालंदा जिले के बेन प्रखंड अंतर्गत मैजरा पंचायत के दाहा घाट में शनिवार को पशु पालन विभाग के पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार पटना द्वारा निःशुल्क पशु चिकित्सा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने 125 पशुओं का उपचार किया और निःशुल्क दवाओं का वितरण किया। शिविर में डॉक्टर सदय प्रसाद सिंह, डॉक्टर मिथिलेश कुमार, डॉक्टर अनामिका कुमारी, डॉक्टर प्रमिला सिन्हा, डॉक्टर विनोद कुमार मुक्ता और पशुधन सहायक गणेश प्रसाद ने अपनी सेवाएं दीं। इन विशेषज्ञों ने पशुओं की स्वास्थ्य समस्याओं का निदान किया और पशुपालकों को बेहतर देखभाल और रखरखाव के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर बेन प्रखंड की जिला परिषद सदस्य एवं जन सुराज पार्टी की महिला जिला अध्यक्ष पूनम सिन्हा ने भी शिविर में भाग लिया। उन्होंने पशु चिकित्सा और पशु पालन कर्मचारियों के कार्यों की सराहना की और उपस्थित चिकित्सकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। पूनम सिन्हा ने कहा, ष्पशु चिकित्सा सेवाएं ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस प्रकार के शिविरों से पशुपालकों को जागरूकता और सहायता मिलती है, जिससे पशुधन की देखभाल बेहतर हो सकती है। उन्होंने पशु चिकित्सकों से इस तरह के शिविरों को नियमित रूप से आयोजित करने का आग्रह किया। शिविर का उद्देश्यः शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों को जागरूक करना और उनके पशुओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना था। पशुपालकों को टीकाकरण, पोषण और बीमारियों की रोकथाम के बारे में जानकारी दी गई। स्थानीय लोगों की प्रतिक्रिया : शिविर में भाग लेने वाले ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की सेवाएं ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं के स्वास्थ्य और उत्पादकता को बढ़ाने में मददगार हैं। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और उन्होंने शिविर के माध्यम से मिली सेवाओं के लिए पशु पालन विभाग और चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया।

